# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक–630 / कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2026, दिनांक– 31–07–2026

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालयए कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**

**विषय– "नशा मुक्त भारत अभियान" के प्रभावी क्रियान्वयन, My Bharat Portal पर शत–प्रतिशत छात्र पंजीकरण एवं अभियान अंतर्गत गतिविधियों के आयोजन के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित "नशा मुक्त भारत अभियान (Nasha Mukt Bharat Abhiyan)" के प्रभावी क्रियान्चयन एवं युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निम्नांकित कार्यवाही शत–प्रतिशत सुनिश्चित करें–

1. महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं का **My Bharat Portal (https://mybharat.gov.in)** पर शत–प्रतिशत पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए।
2. अभियान के अंतर्गत आगामी 100 सप्ताह (100 Weeks Campaign) तक प्रत्येक रविवार नियमित रूप से विभिन्न जन–जागरूकता एवं सहभागितापरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ।
3. प्रत्येक महाविद्यालय में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। जिन महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) संचालित हैं, वहाँ उनके कार्यक्रम अधिकारियों / समन्वयकों को भी इस अभियान में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाए।
4. विद्यार्थियों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु समय–समय पर निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ– नशामुक्ति शपथ (Pledge), खेलकूद प्रतियोगिताएँ, प्रश्नोत्तरी (Quiz), पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, निबंध, भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण (PPT Presentation), रैली एवं जन–जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान एवं परामर्श सत्र, एंटी–ड्रग जागरूकता अभियान, छात्रावासों का समय–समय पर निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से नशामुक्ति कार्यक्रम, महाविद्यालय स्तर पर अन्य नवाचारात्मक गतिविधियाँ, जिनसे नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित हो।

दिनांक 02 अगस्त, 2026 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्र को संबोधित किए जाने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (Live Telecast/Webcast) महाविद्यालय परिसर में समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता के साथ आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन, प्रतिभागियों की संख्या, फोटोग्राफ एवं अन्य आवश्यक अभिलेख सुरक्षित रखा जाए तथा विश्वविद्यालय द्वारा अपेक्षित होने पर तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उत्तर प्रदेश शासन, भारत सरकार, My Bharat तथा विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। अभियान के अंतर्गत आयोजित समस्त कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की समय–समय पर मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी द्वारा समीक्षा की जाएगी। अतः प्रत्येक महाविद्यालय अभियान की नियमित प्रगति सुनिश्चित करते हुए अपेक्षित सूचनाएँ निर्धारित समय पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना तथा समाज में नशामुक्त वातावरण का निर्माण करना है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक स्तर पर सफल बनाने तथा प्रत्येक महाविद्यालय इसकी प्रभावी एवं सतत् क्रियान्विति सुनिश्चित करेगा।

31/07/26

**कुलसचिव**

पत्रांक– / तददिनांकित।

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, शैक्षणिक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
4. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**